# बेटे रणबीर पर रवीना का भावुक पोस्ट



**बॉलीवुड** अभिनेत्री रवीना टंडन ने अपने बेटे रणबीर थडानी के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए भावुक अंदाज में शुभकामनाएं दीं. इस खास मौके पर उन्होंने रणबीर के बचपन से लेकर अब तक की कई दुर्लभ तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनमें मां-बेटे के बीच का स्नेह और यादगार पल साफ नजर आते हैं. पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, हैप्पी बर्थडे माय लास्ट ऑफ़ योर टीन्स , जिसका अर्थ है कि रणबीर अपनी किशोरावस्था के अंतिम वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं.

अभिनेत्री की यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और प्रशंसकों के साथ-साथ फिल्म जगत की कई हस्तियों ने भी रणबीर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं.

रवीना द्वारा साझा किए गए फोटो और वीडियो की शुरुआत मां-बेटे की एक हालिया तस्वीर से होती है, जिसमें दोनों मुस्कुराते हुए कैमरे के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं. इसके बाद पोस्ट में रणबीर के बचपन की कई अनदेखी झलकियां दिखाई गई हैं. एक वीडियो में नन्हे रणबीर अपनी मां से मासूमियत भरे अंदाज में 'आई लव यू मम्मी' कहते दिखाई देते हैं, जिसने प्रशंसकों का दिल जीत लिया. वहीं, एक तस्वीर में नवजात रणबीर अपनी बड़ी बहन राशा थडानी की गोद में नजर आते हैं. इसके अलावा बचपन की कई अन्य तस्वीरों में रणबीर परिवार के साथ खुशियां मनाते और खेलते दिखाई देते हैं. पोस्ट की अंतिम तस्वीर में रवीना अपने बड़े हो चुके बेटे के साथ नजर आती हैं, जो उनके बचपन से युवावस्था तक के सफर को खूबसूरती से दर्शाती है.रवीना की इस भावुक पोस्ट पर फिल्म उद्योग से जुड़े कई कलाकारों ने प्रतिक्रिया दी. फिल्म निर्माता फराह खान कुंदर, अभिनेता सोनू सूद, अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, अभिनेता संजय कपूर, अभिनेत्री नीलम कोठारी और रिद्धिमा पंडित समेत कई हस्तियों ने कमेंट कर रणबीर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. वहीं, प्रशंसकों ने भी मां-बेटे के रिश्ते की सराहना करते हुए पोस्ट पर प्यार भरे संदेश लिखे.

रवीना टंडन ने वर्ष 2004 में फिल्म

# सौम्या टंडन की दमकती त्वचा का राज

**टीवी** अभिनेत्री सौम्या टंडन की चमकदार और मुलायम त्वचा का राज किसी महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट में नहीं, बल्कि एक आसान और प्राकृतिक स्किनकेयर रूटीन में छिपा है. 'भाभी जी घर पर हैं' में 'गोरी मेम' के किरदार से लोकप्रिय हुई सौम्या केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स से दूरी बनाकर घरेलू नुस्खों, नियमित स्किनकेयर, पर्याप्त पानी और संतुलित आहार पर भरोसा करती हैं.

उनका मानना है कि त्वचा को स्वस्थ और जवान बनाए रखने के लिए नियमित सफाई, नमी और धूप से सुरक्षा सबसे जरूरी है.सौम्या के अनुसार, दिनभर की शूटिंग के बाद चेहरे की अच्छी तरह सफाई करना उनकी स्किनकेयर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है. वह सबसे पहले आई और लिप मेकअप रिमूवर से मेकअप हटाती हैं. इसके बाद माइसेलर वॉटर से चेहरे पर जमी गंदगी और अतिरिक्त तेल साफ करती हैं. आखिर में वह सोप-फ्री क्लींजर या माइल्ड फेसवॉश से चेहरा धोकर त्वचा को पूरी तरह साफ करती हैं.

त्वचा को प्राकृतिक पोषण देने के लिए सौम्या घर में बने स्क्रब और फेस पैक का इस्तेमाल करती हैं. वह चावल के आटे में गुलाब जल या एलोवेरा जेल मिलाकर हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करती हैं, जिससे डेड स्किन और ब्लैकहेड्स हटाने में मदद मिलती है.




# 100 करोड़ क्लब के बादशाह बने अक्षय कुमार

**बॉलीवुड** अभिनेता अक्षय कुमार ने बॉक्स ऑफिस पर एक नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है. उनकी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की सफलता के साथ अब अक्षय कुमार के करियर की 22 फिल्में 100 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी हैं. इसके साथ ही वह हिंदी सिनेमा में सबसे ज्यादा 100 करोड़ क्लब में शामिल फिल्में देने वाले अभिनेता बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने सलमान खान और अजय देवगन जैसे सितारों को पीछे छोड़ दिया है.

ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार, अक्षय की यह उपलब्धि उनके लंबे करियर में लगातार अलग-अलग शैलियों की फिल्मों में मिली सफलता का प्रमाण मानी जा रही है.

साल 2026 अक्षय कुमार के लिए शानदार साबित हो रहा है. इस वर्ष रिलीज हुई उनकी फिल्मों को दर्शकों का अच्छा समर्थन मिला है और बॉक्स ऑफिस पर भी उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया है. हाल ही में रिलीज हुई 'वेलकम टू द जंगल' ने भी शानदार कमाई करते हुए अक्षय के खाते में एक और 100 करोड़ क्लब की फिल्म जोड़ दी है. इसके साथ ही उनके करियर में ऐसी फिल्मों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है.

100 करोड़ क्लब में शामिल अक्षय कुमार की प्रमुख फिल्मों में 'गुड न्यूज', हाउसफुल 4 'मिशन मंगल' 'केसरी' 'हाउसफुल 5', '2.0' 'ओएमजी 2', 'राउडी राठौड़', 'जॉली एलएलबी 3' 'टॉयलेट : एक प्रेम कथा' हाउसफुल 3' 'एयरलिफ्ट', 'स्काई फोर्स' 'हॉलीडे', 'रुस्तम', 'जॉली एलएलबी 2' और 'वेलकम टू द जंगल' समेत कई फिल्में शामिल हैं. इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक का कारोबार किया.



# जाह्नवी का दिखा देसी अंदाज

**बॉलीवुड** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपने फैशन सेंस और स्टाइल को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर ब्लैक लहंगे में अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जिनमें उनका देसी और रॉयल अंदाज देखने को मिला. जाह्नवी के इस एथनिक लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और कमेंट्स में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं. अभिनेत्री का यह लुक बहन अंशुला कपूर की शादी के दौरान भी चर्चा में रहा था, जहां उनके हर आउटफिट को दर्शकों ने खूब पसंद किया था.

जाह्नवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वह ब्लैक कलर के खूबसूरत लहंगे में नजर आ रही हैं. इस आउटफिट को डिजाइनर रिंपल और हरप्रीत ने तैयार किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लहंगे की कीमत करीब 1.5 लाख रुपये बताई जा रही है. लहंगे की फ्लेयर्ड स्कर्ट पर एंटीक गोल्ड टोन की पैजली और फ्लोरल मोटिफ वाली बारीक कढ़ाई की गई है, जो इसे बेहद शाही लुक दे रही है. जाह्नवी ने अपने इस ट्रेडिशनल लुक को रंग-बिरंगी कढ़ाई वाले ब्लाउज और हल्के मेटैलिक बॉर्डर वाले दुपट्टे के साथ स्टाइल किया.



## अनुपमा में नया ट्विस्ट, गौतम की साजिश बेनकाब



स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'अनुपमा' के आने वाले एपिसोड में दर्शकों को जबरदस्त ड्रामा देखने को मिलेगा. अनुपमा के नए रेस्टोरेंट को लेकर शुरू हुई खुशियां अब खतरे में बदलती नजर आएंगी. कहानी में गौतम एक बार फिर अनुपमा के खिलाफ साजिश रचता है और उसे व हसमुख को बड़ी मुसीबत में डाल देता है. वहीं, दूसरी ओर लीला अपनी गलती के लिए दिग्विजय से माफी मांगती दिखाई देंगी. एपिसोड की शुरुआत एक संदिग्ध नकाबपोश शख्स के अनुपमा के नए खुलने वाले रेस्टोरेंट में पहुंचने से होती है. उसी दौरान हसमुख टहलने के लिए बाहर जाते हैं, जबकि अनुपमा को अपने कैफे को लेकर कुछ अनहोनी का एहसास होता है. वह बेचैन हो जाती है और उसे लगता है कि रेस्टोरेंट में कुछ गड़बड़ है. कुछ देर बाद हसमुख रेस्टोरेंट में पहुंचते हैं और अंदर जाकर अनुपमा को आवाज लगाते हैं. जब अनुपमा वहां आती है तो दोनों को पता चलता है कि कोई अनजान व्यक्ति रेस्टोरेंट में घुस चुका है. दोनों जब किचन की तरफ जाते हैं, तभी वहां छिपा नकाबपोश शख्स उन्हें अंदर बंद कर देता है और खुद वहां से भाग निकलता है.

## क्या लौटेंगी दयाबेन, बढ़ी दर्शकों की उम्मीद



लोकप्रिय कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के नए प्रोमो ने एक बार फिर दयाबेन की वापसी की चर्चाओं को तेज कर दिया है. प्रोमो में टप्पू अपने पिता जेठालाल और दादाजी से कहता है, 'मम्मी आ रही हैं', जिसे सुनते ही जेठालाल खुशी से झूम उठते हैं. इसके बाद पूरे गोकुलधाम सोसाइटी में दयाबेन के लौटने की खबर फैल जाती है. हालांकि, पिछले कई वर्षों में कई बार ऐसे संकेत मिलने के बावजूद दयाबेन की वापसी नहीं हुई है, इसलिए इस बार भी दर्शक उत्साहित होने के साथ-साथ असमंजस में हैं कि क्या सचमुच उनका नौ साल का इंतजार खत्म होगा या फिर कहानी में कोई नया मोड़ आएगा. जारी प्रोमो में टप्पू के मुंह से 'मम्मी आ रही हैं' सुनते ही जेठालाल की खुशी का ठिकाना नहीं रहता. वह अपनी पत्नी दया के लौटने की कल्पना से ही नाचने लगते हैं. इसके बाद वह अपने मित्र तारक मेहता के पास पहुंचकर कहते हैं कि अब उन्हें फिर से दया के हाथ की बनी राजवाड़ी चाय पीने को मिलेगी. दूसरी ओर, तारक मेहता इस खबर को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं दिखते. उन्हें आशंका है कि कहीं इस बार भी सुंदरलाल कोई नया बहाना बनाकर दयाबेन को साथ लाने का वादा पूरा न कर पाए.

## तीन दिन में 37 करोड़ पार 'लेनिन'

**साउथ** की पैन इंडिया फिल्म 'लेनिन' ने रिलीज के पहले वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन दिनों में दुनियाभर में 37.07 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 25.45 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. करीब 100 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट में बनी इस फिल्म के लिए पहले वीकेंड का प्रदर्शन उत्साहजनक माना जा रहा है. हालांकि हिंदी बाजार में फिल्म को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली है, लेकिन दक्षिण भारतीय राज्यों में इसकी कमाई लगातार बढ़ रही है. अब फिल्म की नजर पहले सप्ताह में मजबूत पकड़ बनाए रखते हुए अपने बजट की रिकवरी की ओर है.

# इम्तियाज अली की बेटी इदा की सगाई



**मशहूर** फिल्ममेकर इम्तियाज अली की बेटी इदा अली ने अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड कृष अग्रवाल संग सगाई कर ली है. इदा ने सोशल मीडिया पर अपनी सगाई की खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो साझा कर फैंस के साथ यह खुशखबरी साझा की. तस्वीरों में कृष अग्रवाल समंदर किनारे घुटनों पर बैठकर इदा को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं. इस रोमांटिक प्रपोजल के दौरान इदा ने अपनी डायमंड रिंग भी फ्लॉन्ट की, जिसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में दिखाई.

इदा अली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सगाई के खास पलों की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं. इनमें कृष अग्रवाल को हाथ में एक नोट लिए हुए देखा जा सकता है, जिसे वह इदा को पढ़कर सुना रहे हैं. इसके बाद वह घुटनों पर बैठकर इदा को प्रपोज करते हैं. समंदर किनारे हुए इस खास पल को कपल ने बेहद खूबसूरत अंदाज में सेलिब्रेट किया.

इदा ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, '01/07/26, रात 11 बजे, यट्रेसैंड (नॉर्वे)'. उनकी साझा की गई तस्वीरों में दोनों की खुशी साफ नजर आ रही है. सगाई की अंगूठी दिखाते हुए इदा ने इस खास मौके की यादों को अपने फैंस के साथ साझा किया.

इदा अली की सगाई की खबर सामने आते ही बॉलीवुड सितारों और फैंस ने उन्हें बधाइयां देना शुरू कर दिया. अभिनेत्री खुशी कपूर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'बहुत क्यूट'. वहीं, वेदांग रैना और शरवरी समेत कई कलाकारों ने भी इदा और कृष को नई जिंदगी की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं. फैंस ने भी कपल की तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसाया और उनके रिश्ते के लिए शुभकामनाएं दीं.



# हीरो विदा वीएक्स 2 प्लस नया इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

**हीरो** मोटोकॉर्प के इलेक्ट्रिक वाहन ब्रांड विदा ने भारतीय बाजार में अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर विदा वीएक्स 2 प्लस लॉन्च कर दिया है. नए स्कूटर में कंपनी ने 4.4 केडब्ल्यू एच का बड़ा बैटरी पैक दिया है, जिसकी मदद से यह एक बार फुल चार्ज होने पर 187 किलोमीटर तक की आईडीसी रेंज देने का दावा करता है. इसके साथ ही इसमें रिमूवेबल बैटरी, फास्ट चार्जिंग सुविधा, तीन राइडिंग मोड्स और कई स्मार्ट फीचर्स मिलते हैं.

नए हीरो विदा वीएक्स 2 प्लस की एक्स-शोरूम कीमत 1.43 लाख रुपये रखी गई है. विदा ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए नयावीएक्स 2 प्लस: वेरिएंट पेश किया है. कंपनी ने इस मॉडल में पहले से बड़ी बैटरी दी है, जिससे इसकी रेंज में काफी सुधार हुआ है. नया स्कूटर पुराने 3.4केडब्ल्यू एच वेरिएंट की तुलना में ज्यादा दूरी तय कर सकता है.

नए विदा वीएक्स 2 प्लस में 4.4केडब्ल्यू एच क्षमता का बैटरी पैक दिया गया है. यह दो रिमूवेबल बैटरी पैक से मिलकर बना है, जिनकी क्षमता 2.2केडब्ल्यू एच -2.2केडब्ल्यू एच है. कंपनी के मुताबिक, यह इलेक्ट्रिक स्कूटर एक बार चार्ज करने पर 187 किलोमीटर तक चल सकता है. वहीं, पुराने 3.4केडब्ल्यू एच मॉडल में 146 किलोमीटर तक की आईडीसी रेंज मिलती थी. आसानी से निकाली जा सकेगी बैटरी विदा वीएक्स 2 प्लस की बैटरी को स्कूटर से बाहर निकालकर अलग से चार्ज किया जा सकता है. रिमूवेबल बैटरी होने की वजह से जिन लोगों के पास चार्जिंग की सुविधा पार्किंग में नहीं है, उनके लिए यह स्कूटर उपयोगी साबित हो सकता है.

तेज चार्जिंग की सुविधा कंपनी ने इस स्कूटर के साथ 1केडब्ल्यू एच का पोर्टेबल चार्जर दिया है. इससे बैटरी 0 से 80 प्रतिशत तक करीब 3 घंटे 17 मिनट में चार्ज हो जाती है. वहीं, बैटरी को पूरी तरह 100 प्रतिशत चार्ज करने में लगभग 5 घंटे 8 मिनट का समय लगता है.



# नई इलेक्ट्रिक एसयू वी जल्द होगी लॉन्च

## टाटा, एमजी और हुंडई को देगी चुनौती

**किआ** मोटर्स जल्द ही भारतीय बाजार में अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयू वी किआ सिरोस ईवी लॉन्च करने की तैयारी कर रही है. इलेक्ट्रिक कारों की बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी इस नई ईवी को लंबी रेंज और आधुनिक फीचर्स के साथ पेश कर सकती है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, किआ सिरोस ईवी में 42केडब्ल्यू और 51.4केडब्ल्यू बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं, जिससे यह एक बार फुल चार्ज होने पर करीब 420 किलोमीटर से 520 किलोमीटर तक की रेंज दे सकती है. यह इलेक्ट्रिक एसयू वी भारतीय बाजार में टाटा नेक्सॉन ईवी, टाटा कर्व ईवी, एमजी विंडसर ईवी और हुंडई क्रेटा ईवी जैसी कारों को चुनौती देगी.

**किआ सिरोस ईवी जल्द होगी लॉन्च**

किआ भारत में अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो को मजबूत करने की तैयारी कर रही है. कंपनी जल्द ही अपनी नई इलेक्ट्रिक

एसयू वी किआ सिरोस ईवी को लॉन्च करेगी. यह कार मौजूदा सिरोस मॉडल के डिजाइन पर आधारित होगी, लेकिन इसमें इलेक्ट्रिक मोटर और बड़ी बैटरी का इस्तेमाल किया जाएगा. कंपनी इस ईवी को कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयू वी सेगमेंट में उतारेगी, जहां पहले से कई लोकप्रिय इलेक्ट्रिक कारें मौजूद हैं.

**मिलेगा शानदार इलेक्ट्रिक डिजाइन**- किआ सिरोस ईवी का डिजाइन काफी हद तक मौजूदा सिरोस जैसा रखा जा सकता है. इसमें आधुनिक और बॉक्सी डिजाइन देखने को मिलेगा. इसमें संभावित रूप से ये फीचर्स मिल सकते हैं:- * एलईडी हेडलाइट, * एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट (डीआरएल), * एलईडी टेल लाइट, * एलईडी ब्रेक लाइट, * नए डिजाइन के अलॉय व्हील, * रूफ रेल, * बॉडी क्लैडिंग, * डुअल टोन और सिंगल टोन कलर विकल्प मिलेंगे प्रीमियम फीचर्स किआ सिरोस ईवी को कई आधुनिक फीचर्स के साथ पेश किया जा सकता है. इसमें ग्राहकों को आराम और टेक्नोलॉजी से जुड़े कई फीचर्स मिलेंगे.

**संभावित फीचर्स-**

* पैनोरमिक सनरूफ
* पावर एडजस्टेबल ड्राइवर सीट
* वेंटिलेटेड सीट
* बड़ी 30 इंच स्क्रीन
* ऑटोमैटिक एसी
* एबीएस (एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम)
* ईबीडी (इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन)
* कनेक्टेड कार फीचर्स





# ई20 ईंधन को लेकर जारी की सलाह

**लोकप्रिय** दैनिक व्लॉगर सौरव जोशी द्वारा अपनी मर्सिडीज-बेंज एसयूवी के माइलेज में अचानक कमी आने का दावा करने के बाद मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने आधिकारिक बयान जारी किया है. कंपनी ने ई20 पेट्रोल को लेकर ग्राहकों के लिए सलाह जारी करते हुए कहा है कि उसकी सभी बीएस-6 पेट्रोल कारें ई20 ईंधन के लिए पूरी तरह सुरक्षित और प्रमाणित हैं.

सौरव जोशी ने अपने वीडियो में दावा किया कि उनकी मर्सिडीज कार का माइलेज कुछ ही समय में काफी कम हो गया. उन्होंने बताया कि कार का माइलेज पहले 17 किलोमीटर प्रति लीटर था, जो बाद में घटकर करीब 5 किलोमीटर प्रति लीटर तक पहुंच गया. उन्होंने यह भी कहा कि पहले फुल टैंक में कार करीब 800 किलोमीटर चलने का अनुमान दिखाती थी, लेकिन बाद में यह दूरी घटकर करीब 480 किलोमीटर रह गई. ई20 पेट्रोल को बताया कारण

सौरव जोशी ने इस गिरावट के लिए इथेनॉल मिश्रित ई20 पेट्रोल को जिम्मेदार बताया. उन्होंने चिंता जताई कि कहीं इसका असर कार के इंजन पर न पड़े.

मर्सिडीज-बेंज इंडिया का जवाब मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि उसकी सभी बीएस-6 पेट्रोल गाड़ियां ई20 पेट्रोल के अनुकूल हैं. कंपनी ने बताया कि इन वाहनों को संबंधित सरकारी संस्थानों द्वारा ई20 ईंधन के लिए प्रमाणित किया गया है.




**अगर** आप नई कार खरीदने की योजना बना रहे हैं तो रेनो की कारें आपके लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती हैं. वाहन निर्माता कंपनी रेनो की ओर से ट्राइबर और रेनो काइगर पर ग्राहकों को नकद छूट, पुरानी कार बदलने पर लाभ और अन्य फायदे दे रही है. कार खरीदने से पहले जान लें कि किस गाड़ी पर कितना

# रेनो की कारों पर जुलाई 2026 में बड़ी छूट

जुलाई 2026 में अपनी कई कारों पर बड़ी बचत का मौका दिया जा रहा है. कंपनी रेनो क्विड, रेनो लाभ मिल रहा है. रेनो क्विड कंपनी की लोकप्रिय छोटी कार है, जिसे छोटी कार श्रेणी में बेचा जाता है. अगर ग्राहक जुलाई 2026 में नई रेनो क्विड खरीदते हैं तो उन्हें अधिकतम 15 हजार रुपये तक की बचत मिल सकती है. हालांकि, यह लाभ केरल, असम, ओडिशा, उत्तराखंड, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में उपलब्ध नहीं है.




कंपनी पुराने रेनो क्विड मॉडल पर भी बड़ा लाभ दे रही है. पुराने मॉडल को खरीदने पर ग्राहक अधिकतम 30 हजार रुपये तक की बचत कर सकते हैं. रेनो क्विड की शुरुआती कीमत 4.53 लाख रुपये है, जबकि इसके सबसे महंगे मॉडल की कीमत 5.61 लाख रुपये तक जाती है.

रेनो ट्राइबर कंपनी की कम कीमत वाली बहुउद्देश्यीय वाहन श्रेणी की कार है. इसे खासतौर पर परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है.

जुलाई 2026 में रेनो ट्राइबर खरीदने पर ग्राहकों को अधिकतम 60 हजार रुपये तक का लाभ मिल सकता है.

इसमें शामिल हैं: * 30 हजार रुपये तक की नकद छूट

* 30 हजार रुपये तक का पुरानी कार बदलने का लाभ

यह लाभ केरल राज्य में उपलब्ध नहीं है. रेनो ट्राइबर की शुरुआती कीमत 5.81 लाख रुपये है और इसके सबसे बड़े मॉडल की कीमत 8.48 लाख रुपये तक जाती है. रेनो काइगर पर 1.25 लाख रुपये तक की बचत

रेनो काइगर कंपनी की छोटी आकार वाली खेल उपयोगी वाहन श्रेणी की कार है.